लखनऊ-प्रयागराज होकर वाराणसी जाएगी बुलेट ट्रेन

हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के लिए किया गया हवाई सर्वेक्षण। अमर उजाला

800 किमी के हाईस्पीड एलीवेटेड ट्रैक का हवाई सर्वेक्षण शुरु

बिल्हौर से लखनऊ होकर प्रयागराज जाएगा यह रेल रूट

खास खबर

सुहेल खान

कानपुर। नई दिल्ली से वाराणसी के बीच बनने वाला 800 किलोमीटर लंबा हाईस्पीड एलीवेटेड रेल रूट लखनऊ, प्रयागराज होकर वाराणसी जाएगा। यह नई दिल्ली से उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर के जेवर में प्रस्तावित एयरपोर्ट से भी कनेक्ट होगा। इस पर 320 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली बुलेट ट्रेन चलाने की योजना है। हवाई सर्वेक्षण के बाद रेल रूट विकसित करने की निगरानी नेशनल हाईस्पीड रेलवे कार्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) कर रहा है।

यह होगा एलीवेटेड रूट का मार्ग

एलीवेटेड रेल रूट दिल्ली-हावड़ा रूट वाले वाराणसी मार्ग से अलग होगा। यह नई दिल्ली से नोएडा, मथुरा, आगरा, इटावा, लखनऊ, रायबरेली, प्रयागराज, भदोही, वाराणसी और अयोध्या जैसे प्रमुख शहरों को जोड़ेगा। कानपुर में यह बिल्हौर के बाद उन्नाव के बांगरमऊ होते हुए लखनऊ से जुड़ेगा। इसके लिए बिठूर के आगे गंगा नदी पर रेलवे पुल बनाने की भी योजना है।

देश की राजधानी से प्रदेश की राजधानी और अयोध्या भी जुड़ेगी

- इस रेल कॉरिडोर को देश की राजधानी दिल्ली से प्रदेश की राजधानी को भी जोड़ा जाएगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से लेकर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली को भी बुलेट ट्रेन का लाभ मिलेगा। इसके अलावा राममंदिर आने जाने वालों को भी इस हाईस्पीड रेल कॉरिडोर के नक्शे पर लाया गया है।

“ हवाई सर्वेक्षण शुरू हो चुका है। कुछ ही सप्ताह में इसकी रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भेजी जाएगी। 800 किमी के इस हाई स्पीड रेल रूट में यूपी के आगरा, लखनऊ, अयोध्या, रायबरेली और वाराणसी जैसे शहर भी जुड़ेंगे। **- सुषमा गौर, प्रवक्ता, एनएचएसआरसीएल**